श्रीमती विभा देवी, माननीया स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/3506 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र०	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	
1	क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड वारिसलीगंज के ग्राम पौरा में सकरी नदी से निकलने वाली सकरी वाया नहर जो नहर पर एन०एच०–20 के पास क्रॉस करते हुए भादोरवरा केना गोपालपुर होते ग्राम पक्डीया के हजारों एकड़ भूमि का सिंचाई हुआ करता था जिसमे गाद भर गया है; यदि हाँ, तो सरकार सकरी बाया नहर का नहर पर से सफाई कराने के उपरांत पक्का ड्रेनेज निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि – नवादा जिला के सकरी नदी पर सकरी सिंचाई योजना (पौरा वीयर सिंचाई योजना) निर्मित है, जिससे बायाँ मुख्य नहर (लम्बाई 17.60 कि०मी०) निकलती है। यह नहर चेन संख्या 9.55 कि०मी० पर एन०एच०–20 को क्रॉस करती है। एन० एच०–20 के दोनों तरफ घनी आबादी एवं बाजार होने के कारण नहर में आमजन के द्वारा प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाले समानों का अपशिष्ट नहर में डाल दिया जाता है, जिससे प्रति वर्ष सिंचाई अवधि के पूर्व विभाग द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत नहर की सफाई करा ली जाती है। खरीफ सिंचाई 2025 में नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वर्तमान में प्रश्नगत नहर की लम्बाई में पक्का ड्रेनेज निर्माण विचाराधीन नही है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–07–08/2026 पटना/दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/3506 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

3

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–07–08 / 2026 पटना / दिनांक :...

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–07–08 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–07–08 / 2026 1574 पटना / दिनांक :.19/3/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव